खबर कोना

नदिया में बांस पर गुलाबी रंग के धागे के गुच्छे सूखने के लिए लटकाता हुआ कारीगर।

राज्य सरकार के सांस्कृतिक सलाहकार बनाए गए मिथुन

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

मंत्रिमंडल मशहूर अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती को बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार का सांस्कृतिक सलाहकार नियुक्त किए जाने के साथ ही कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया। एक अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। अधिसूचना के मुताबिक, मिथुन को सूचना और सांस्कृतिक मामलों के विभाग में तत्काल प्रभाव से सांस्कृतिक सलाहकार नियुक्त किया जाता है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने हाल में घोषणा की थी कि मिथुन को पश्चिम बंगाल सरकार का सांस्कृतिक सलाहकार बनाया जाएगा।

त्योहारों में दक्षिण पूर्व रेलवे ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाएगी

कोलकाता, 7 अक्तूबर (जनसत्ता)।

दक्षिण पूर्व रेलवे त्योहारों को देखते ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इस साल, दक्षिण पूर्व रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के त्योहारों के लिए 19 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है, जो त्योहार के मौसम में 344 चक्कर लगाएंगी। इसके अलावा, एक जोड़ी स्पेशल ट्रेनें दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र से भी गुजरेंगी। इसके अलावा, सितंबर 2026 तक अलग-अलग ट्रेनों में स्थायी सेवा पर संचालित कर 30 कोच बढ़ाए गए हैं, जिससे यात्रियों को ले जाने की क्षमता और बढ़ेगी और संचालन सेवाओं में जगह की उपलब्धता मजबूत होगी। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के पिछले त्योहारों के मौसम में, 19 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थी, जिनसे कुल 356 बार आगमन-प्रास्थान हुए थे।

फिलिप्स और चारनाक अस्पताल ने किया समझौता

कोलकाता, 7 अक्तूबर (जनसत्ता)।

चारनाक अस्पताल ने हाल ही में राज्य में अपनी मौजूदा और आने वाली सुविधाओं में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत देने के लिए स्वास्थ्य तकनीक कंपनी 'फिलिप्स' के साथ एक समझौते की घोषणा की है। समझौता ज्ञापन पर (एमओयू) के तहत, चारनाक अस्पताल और फिलिप्स स्वास्थ्य समाधान के लिए मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं। इसका मकसद मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाना है, साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा को समर्थन करना है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ने रोडशो का आयोजन किया

कोलकाता, 7 अक्तूबर (जनसत्ता)।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीए) पूर्ववर्ती कोलकाता पत्तन न्यास ने अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्ल्यूएआइ) के साथ मिलकर बालागढ़ विस्तारित पोर्ट गेट प्रणाली के विकास हेतु बालागढ़ रोड शो का आयोजन किया। इसका आयोजन सात अक्तूबर को द बंगाल क्लब, कोलकाता में किया गया । इस अवसर को पूर्वी भारत के सभी पत्तन कार्यक्रमों में से सबसे महत्वपूर्ण अवसर बनाने का प्रयास था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शुभेंदु के सलाहकार सुब्रत गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एसएमपी कोलकाता के अध्यक्ष रथेंद्र रमण ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ने वृक्षारोपण, वाकथान एवं स्वच्छता अभियान चलाया

कोलकाता, 7 अक्तूबर (जनसत्ता)।

सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर वृक्षारोपण, वाकथान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के कोलकाता क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख राज किशोर सिंह के नेतृत्व में किया गया।

पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक ने साइबर अपराध पर कार्यक्रम का आयोजन किया

कोलकाता, 7 अक्तूबर (जनसत्ता)।

पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के मौके पर छह अक्तूबर 2026 को साइबर अपराध पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका आयोजन शहीद मातंगिनी हाजरा डिग्री महिला महाविद्यालय, पूर्व मेदिनीपुर में हुआ।

यह कार्यक्रम बैंक के अध्यक्ष आलोक गोयल के नेतृत्व में पंकज कुमार के मार्गदर्शन में और पूर्व मेदिनीपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक देबजीत सरकार की पहल पर किया गया।

जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में वाम संगठनों के सम्मेलन और नेहा बोरा की मौजूदगी पर विवाद

कार्यक्रम को मंजूरी देने वाली समिति भंग

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

जादवपुर विश्वविद्यालय ने परिसर में वाम समर्थित छात्र संगठनों द्वारा आयोजित एक सम्मेलन और उसमें आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा की मौजूदगी को लेकर हुए विवाद के बाद कार्यक्रमों को मंजूरी देने वाली एक समिति को भंग कर दिया है और कुलसचिव को ऐसे मामलों की जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है।

सोमवार को आयोजित 'जेन जी मूवमेंट : यूनिटी आफ जेनरेशन एंड रेजिस्टेंस' नामक सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित कराने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) को खत्म करने समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, इसमें मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और प्रस्तावित भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आइएसआइ) विधेयक का भी विरोध किया गया। एबीवीपी ने विश्वविद्यालय के बाहर की राजनीतिक हस्तियों की मौजूदगी का विरोध किया और सवाल उठाया कि क्या कार्यक्रम को प्रशासनिक अनुमति मिली थी।

आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा की मौजूदगी को लेकर हुए विवाद के बाद कार्यक्रमों को मंजूरी देने वाली एक समिति को भंग कर दिया है और कुलसचिव को ऐसे मामलों की जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। सोमवार को आयोजित 'जेन जी मूवमेंट : यूनिटी आफ जेनरेशन एंड रेजिस्टेंस' नामक सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) को खत्म करने समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई।

आयोजकों ने पलटकर कहा कि आरएसएस से संबद्ध छात्र संगठन को बाहरी लोगों के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि अगस्त में अशांति के दौरान उसके कई नेता, जिनका विश्वविद्यालय से कोई संबंध नहीं था, जबरन परिसर में घुस आए थे। विवाद के बाद, विश्वविद्यालय के कुलपति चिरंजीब भट्टाचार्य ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि कार्यक्रमों के अनुमोदन और निगरानी समिति को भंग कर दिया गया है और कुलसचिव देबजीत दत्ता अगले आदेश तक मामलों की देखरेख करेंगे।

अधिसूचना में हालांकि निर्णय का कारण निर्दिष्ट नहीं किया गया था, दत्ता ने बुधवार को बताया कि कार्यक्रम को अनुमति देने में क्रियात्मक चूक के कारण समिति को भंग कर दिया गया और जल्द ही एक नई समिति गठित की जाएगी। कुलसचिव ने कहा कि हमने कार्यक्रमों के अनुमोदन और निगरानी समिति के अध्यक्ष और डीन को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा इस चूक के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। जादवपुर विश्वविद्यालय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परिसर में कार्यक्रम आयोजित करने के अधिकार के पक्ष में है। उन्होंने कहा, लेकिन व राजनीतिक कार्यक्रम को मंजूरी देने की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

कुलसचिव ने सोमवार को कहा था कि कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने के वास्ते उनसे संपर्क नहीं किया गया था और उनके कार्यालय ने इसके लिए मंजूरी नहीं दी थी। उन्होंने पहले चेतावनी दी थी कि यदि आवश्यक मंजूरी के बिना कार्यक्रम आयोजित किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संकाय के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजकों को संबंधित समिति से मंजूरी मिल गई थी।

कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय के नियमों के तहत, समिति की सिफारिश कुलसचिव तक पहुंचनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

बंगाल के पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता का कार्यकाल छह महीने बढ़ाया गया

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सिद्धनाथ गुप्ता के कार्यकाल को छह महीने बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुप्ता का मौजूदा कार्यकाल 31 अक्तूबर को समाप्त होना था। उन्होंने बताया कि 1992 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी गुप्ता के कार्यकाल का विस्तार जनहित में किया गया है। इसके लिए अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1958 के नियम 16(1) में छूट दी गई है। गुप्ता को विधानसभा चुनाव से पहले मार्च में निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया था।

1992 बैच के आइपीएस सिद्धनाथ गुप्ता के कार्यकाल का विस्तार जनहित में किया गया है।

इससे पहले भी उन्हें उनकी मूल सेवानिवृत्ति तिथि 30 अप्रैल से आगे छह महीने का सेवा विस्तार दिया गया था।

हुमायूं कबीर ने रेजीनगर सीट पर भाजपा की जीत का दावा किया

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख और नवादा के विधायक हुमायूं कबीर मीडिया के सामने भावुक हो गए और उन्होंने मुर्शिदाबाद की मुस्लिम बहुल रेजीनगर विस सीट पर भाजपा की जीत का दावा करते हुए चुनावी राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया।

राजनीति से संन्यास के संकेत दिए।

कबीर को एक दिन पहले रेजीनगर में मतदान के दौरान पुलिस के साथ तीखी झड़प के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

करीब 12 घंटे हिरासत में रहने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कई विवादों के केंद्र में रहे कबीर ने यह भी कहा कि जब तक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पद पर बने रहेंगे, तब तक वह विधानसभा नहीं जाएंगे। उन्होंने नवादा की जनता से अपने इस फैसले के लिए माफी भी मांगी।

बंगाल उपचुनाव

नंदीग्राम व रेजीनगर में 80 फीसद मतदान दर्ज

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 80.48 फीसद मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान कमोबेश शांतिपूर्ण रहा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर 80.89 फीसद मतदान हुआ, जबकि मुर्शिदाबाद की रेजीनगर सीट पर 80.08 फीसद मतदान दर्ज किया गया। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को मतदान हुआ, जिसमें करीब 5.24 लाख मतदाता वोट डालने के पात्र थे।

रेजीनगर में मतदान के दौरान बूथ से जुड़ी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए। विपक्षी कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) तथा ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि उनके मतदान एजंटों को कई बूथों में प्रवेश करने से रोका गया या उन्हें वहां से जबरन बाहर निकाल दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने आरोप लगाया कि पार्टी के मतदान एजंटों को 100 से अधिक बूथों से जबरन बाहर निकाल दिया गया। पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद अब्दुल्लाहिल काफी ने मतदान रद्द करने की मांग को लेकर रेजीनगर पुलिस थाने के बाहर धरना दिया। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने भी दोबारा मतदान कराने की मांग की।

आलम ने दावा था कि उनकी पार्टी के 315 मतदान एजंटों में से केवल 25 से 30 एजंट ही अपने-अपने बूथों पर मौजूद रह सके। भाजपा ने बूथ कब्जाने और चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों को खारिज कर दिया।

आक्रोश कोलकाता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते एआइसीसीटीयू के कार्यकर्ता।

पूजा कार्यक्रम में अनियमितता मामले में इंद्रनील सेन ईडी के समक्ष पेश

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन दुर्गा पूजा के प्रीव्यू शो के आयोजन और पास की बिक्री में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सामने पेश हुए।

ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि सेन जब कोलकाता स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे, तो उनके पास पिछले 10 वर्षों के बैंक स्टेटमेंट समेत कई दस्तावेज थे। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी पैसों के लेन-देन का पता लगाने और यह तय करने के लिए दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं कि क्या ये लेन-देन सेन की ओर से घोषित आय और खर्च के अनुरूप थे। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले ईडी ने मामले में सेन से 30 सितंबर को कई घंटों तक पूछताछ की थी और बाद में उन्हें बैंक खाते, आय, खर्च और वित्तीय लेन-देन से जुड़े 2016 से लेकर अब तक के रिकार्ड के साथ फिर से पेश होने का निर्देश दिया था।

ईडी ने पहले कहा था कि दुर्गा पूजा के प्रीव्यू शो मामले की धन शोधन संबंधी जांच के दौरान पता चला कि सेन की कंपनी ने बैंकिंग स्रोतों के जरिए पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 30 लाख रुपए अंतरित किए थे। जांच एजंसी के मुताबिक, सेन ने दावा किया था कि अंतरित राशि रायल्टी की रकम थी।

एसआरएफटीआइ के छात्रों ने केंद्रीय मंत्री वैष्णव से सुरक्षा की मांग की

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

सत्यजित रे फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टीट्यूट (एसआरएफटीआइ) के छात्रों ने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से अपनी सुरक्षा का आश्वासन देने की मांग की है। वे 27 सितंबर को परिसर में हुई हिंसा के विरोध में शैक्षणिक गतिविधियों से दूरी बनाए हुए हैं।

एसआरएफटीआइ छात्र संघ ने जादवपुर विश्वविद्यालय के वामपंथी झुकाव वाले छात्र संघों के साथ किसी भी रैली की योजना से इनकार किया, जहां भी अगस्त में हिंसा और परिसर में आयोजित एक सम्मेलन को लेकर विवाद देखा गया था। हालांकि छात्रों ने उन लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने सुरक्षा की उनकी मांग का समर्थन किया। गत 27 सितंबर को एक कार्यक्रम के दौरान छात्रों और आरएसएस से जुड़े संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्यों के बीच हिंसा भड़कने के बाद से लगातार 10वें दिन कक्षाएं स्थगित रहीं। गत चार अक्तूबर को, बंगिया हिंदू जागरण मंच के सदस्यों द्वारा प्रदर्शन के दौरान परिसर में फिर से झड़प हुई।

कुछ आंदोलनकारियों ने संस्थान का गेट तोड़ने की कोशिश की जिन्हें पुलिस ने रोक दिया। छात्र नचिकेत ने बताया कि वे तब तक कक्षाओं में शामिल नहीं होंगे जब तक कि वैष्णव और कुलपति संतोष अजमेरा उनकी सुरक्षा के बारे में लिखित आश्वासन नहीं देते।

कोलकाता हवाई अड्डे के अंदर मस्जिद में फिर से नमाज शुरू करने का मामला

केंद्र सरकार ने अर्जी का विरोध जताया

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्र सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट में दायर उस अर्जी का बुधवार को विरोध किया, जिसमें कोलकाता हवाई अड्डा परिसर में स्थित बांकरा मस्जिद में फिर से नमाज शुरू करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है।

सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे अहम है और यह अनुमत सार्वजनिक हित से भी ऊपर है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने अधिकारियों की ओर से दी गई दलीलों का जवाब देने के लिए न्यायमूर्ति कृष्ण राव से समय मांगा। न्यायमूर्ति राव ने उनका अनुरोध स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई नौ अक्टूबर तक के लिए टाल दी। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे अहम है और यह अनुमत सार्वजनिक हित से भी ऊपर है।

एएआइ की ओर से पेश वकील एसएन मुखर्जी कहा कि इस मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ विमानन सुरक्षा भी शामिल है। राज्य सरकार के वकील बिलवादल भट्टाचार्य ने एएआइ और केंद्र की दलीलों का समर्थन किया।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों की हवाई अड्डे का विस्तार करने की योजना है, लेकिन एक बहुत संवेदनशील संचालन क्षेत्र के अंदर मस्जिद होने की वजह से इसमें रुकावट आ रही है। त्रिवेदी ने याचिकाकर्ताओं की उस अर्जी का विरोध किया, जिसमें अदालत में मामले के निपटारे तक मस्जिद में नमाज जारी रखने के लिए अंतरिम आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) की ओर से पेश बैरिस्टर एसएन मुखर्जी ने हाई कोर्ट को बताया कि बांकरा मस्जिद में नमाज 11 जुलाई को रोक दी गई, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं ने 27 अगस्त को अदालत का रुख किया। वकील एसएन मुखर्जी ने दलील दी कि अधिकारियों का कहना है कि हवाई अड्डा परिसर के भीतर स्थित मस्जिद में नमाजियों के लिए किए गए सुरक्षा के इंतजाम उतने प्रभावी साबित नहीं हो रहे हैं।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
Where service is a way of life

ई-नीलामी (केवल नीलामी के माध्यम से बिक्री)

एसएएमवीइआरटी, प्रथम मंजिल, एनबीसीसी बिल्डिंग ब्लॉक-3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023।
ई-मेल: ho.samvertical@psb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधान के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(कों) और गारंटर(कों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं और जिनका कब्जा पंजाब एंड सिंध बैंक (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, बैंक के बकाया की वसूली के लिए "जैसी है, जहां है", "जैसी है वैसी ही" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर बेची जाएंगी। यह नीलामी वेब पोर्टल (https://baanknet.com) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

ई-नीलामी की तिथि और समय: 20.11.2026, सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक | संपत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय: 05.11.2026, अपराह्न 15.00 बजे तक | बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 19.11.2026, पूर्वाह्न 1.00 से अपराह्न 1.00 बजे तक

उधारकर्ता और गारंटर के नाम:	संपत्तियों का विवरण	न्यूनतम आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि / बोली वृद्धि राशि	13(2) के तहत डिमांड नोटिस / वर्तमान बकाया	संपत्ति के स्थान के लिए क्यूआर कोड	सेवा प्रदाता के लिए क्यूआर कोड	प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क सं.
मेसर्स फ्रंटलाइन कॉर्पोरेशन लिमिटेड। गारंटर: 1) श्री राम प्रसाद अग्रवाल, 2) श्री नारायण प्रसाद अग्रवाल, 3) श्री सौरभ झुनझुनवाला, 4) श्री पवन कुमार अग्रवाल। कॉर्पोरेट गारंटर: 5) मेसर्स फाल्गुन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, 6) मेसर्स फेयरडील सप्लाइज लिमिटेड	कोलकाता के ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट स्थित 8 नंबर पर लगभग 17 कोट्टा जमीन, जिसे वर्तमान में हेमंत बसु सरानी, वार्ड नंबर 46, कोलकाता नगर निगम के अंतर्गत परिसर संख्या 28 के नाम से जाना जाता है, डाकघर कोलकाता जीपीओ और पुलिस स्टेशन हरे स्ट्रीट, जिला कोलकाता, पिन कोड 700001, पर निर्मित भवन सहित, मेसर्स फ्रंटलाइन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम पर है। संपत्ति का भौतिक कब्जा बैंक के पास है।	4,550.00 लाख रु. 455.00 लाख रु. 45.50 लाख रु.	13.06.2012 और 44.90 करोड़ रुपये + 13.06.2012 से भविष्य का ब्याज और लागत। 31.08.2026 को 358,49,44,752 रुपये + भविष्य का ब्याज और उस पर अन्य खर्चे			श्री आलोक चंद्र भारती, एजीएम मोबाइल: +91-7087428485

बिक्री विस्तृत निबंधन एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाईट ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com को देखें और जाएं।
यह सूचना सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) प्रावधानों के अंतर्गत उधारकर्ता और गारंटर (एल/आरज) के लिए 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना भी है।

दिनांक: 07.10.2026 अधिकृत अधिकारी, पंजाब एवं सिंध बैंक